## खबर संक्षेप

### प्रदूषण फैला रही है प्लाई फैक्ट्री



**सतना।** जिला प्रशासन की नाक के नीचे एक फैक्ट्री मनमानी कर रही है। बता दें कि एनएच 39 नागौद पन्ना मार्ग सितपुरा के पास बम्हौर में रामाप्लाई फैक्टरी द्वारा प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड एवं एनजीटी (नेशनल ग्रीन ट्राइब्यूनल) के नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही है। फैक्ट्री संचालक द्वारा सड़क के किनारे पटरी पर फैक्ट्री से निकली हुई राख फेकी जा रही है। यहां पर चिमनी से धुआं निकल रहा है जो पूरे वातावरण को खराब कर रहा है। महत्वपूर्ण बात तो यह है कि जिला प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारियों का इस मार्ग से आना-जाना होता है लेकिन कोई भी अधिकारी ईश्वर गंभीरता से ध्यान नहीं दे रहा है। प्रशासन की अब अच्छी के कारण फैक्ट्री के संचालकों द्वारा मनवानी की जा रही है। ऐसी स्थिति में आम जनता को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### परसमनिया घाट में मिला एक व्यक्ति का शव,मृतक की नही हुई शिनाख्त

**सतना।** थाना उंचेहरा अंतर्गत परसमनिया घाट के नीचे बरुआ नाला के जंगल में एक अज्ञात व्यक्ति का लगभग 7 से 8 दिन पुराना शव मिला है।खबर लगते ही क्षेत्र में सनसनी फैली गई।नागौद एसडीओपी विदिता डागर के साथ उंचेहरा थाना प्रभारी सतीश मिश्रा,एफ.एस.एल. की टीम व परसमनिया चौकी प्रभारी दशरथ सिंह बघेल घटना स्थल पहुंचे। मृतक की पहचान नहीं हो सकती है। पुलिस ने मर्ग कायम किया है। घटना की जांच की जा रही है। मृतक काले रंग का हाफ लोवर,व स्काई कलर की शर्ट के साथ काले रंग का मोजा पहने हुए है। मृतक की अभी तक शिनाख्त नही हुई है। शव उंचेहरा मरचुरी लाया गया जहां पर उसका पोस्टमार्टम किया गया।

### निर्धारित कीमत से महंगी शराब बेचने पर तीन दुकानों के खिलाफ कार्रवाई


**सतना।** आबकारी विभाग की टीम में शहर की 03 शराब दुकानों में अधिक दर पर मदिरा विक्रय करने पर प्रकरण कायम किया है। बताया जाता है कि संचालित मदिरा दुकानों में शासन द्वारा निर्धारित न्यूनतम एवं अधिकतम दरों का उल्लंघन किया जाकर कुछ शराब दुकानों में अधिकतम दरों से भी अधिक दर पर मदिरा विक्रय की शिकायत एवं सूचनाएं लगातार कई दिनों से प्राप्त हो रही थी। उक्त शिकायतों के विरुद्ध जिला आबकारी अधिकारी सुश्री विभा मरकाम के निर्देशन में सतना नगर के वृत्त क्रमांक-01 क्षेत्र मे वृत्त प्रभारी राकेश चन्द्र अवधिया एवं सहायक जिला आबकारी अधिकारी लोकेश सिंह ठाकुर की टीम द्वारा सायंकाल शहर की कई दुकानों में मदिरा की खरीदी टेस्ट परचेस की कार्यवाही की गई। उक्त कार्यवाही में कंपोजिट मदिरा दुकान सेमरिया चौक,सिन्धी कैम्प,टिकुरिया टोला में दुकान के बिक्रेता द्वारा शासन द्वारा नियत दर से भी अधिक दर पर मदिरा विक्रय करते हुए पाया गया जिस पर बिधिबत कार्यवाही किया जाकर विक्रेता एवं दुकान के लायसेंसी के विरुद्ध प्रकरण पंजीबद्ध किया गया तथा शहर की कुछ दुकानों में निर्धारित दर अनुसार मदिरा विक्रय करते हुए पाया गया। सतना नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र की सभी मदिरा दुकानों में भी न्यूनतम दर से कम दर पर मदिरा बिक्री अथवा अधिकतम दर से अधिक दर पर मदिरा बिक्री करने वाली मदिरा दुकानों के विरुद्ध कार्यवाही लगातार जारी रहेगी।

## अब सतना जिले का पानी अन्यंत्र नहीं जाएगा

# नर्मदा सेनानियों में खुशी की लहर

**नर्मदा जल को सतना लाने संघर्ष अभियान को मिली सफलता**

बरगी के दाएं तट नहर निर्माण के माध्यम से नर्मदा जल को सतना लाने के लिए संघर्ष समिति के संयोजक पूर्व विधायक राम प्रताप सिंह के नेतृत्व में नर्मदा सेनानियों के चले इस लंबे समय के अभियान की सफलता की सुखद खबर मिली है।





**सतना।**

इस निर्माण कार्य के संदर्भ में मिली जानकारी के अनुसार जो सतना जिले के पानी को बहोरी बंद माइक्रो एरिगेशन बनाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई थी व पूर्व मुख्यमंत्री द्वारा शिलान्यास भी किया जा चुका था वह कई बार टेंडर की तारीख आगे बढ़ने के बाद अब तत्कालीन सरकार द्वारा उचित निर्णय कर टेंडर को पूर्ण रूप से निरस्त कर दिया दिया गया है। श्री सिंह ने कहा कि मैं मुख्यमंत्री को इस उचित निर्णय के लिए मैं धन्यवाद देता हूं। साथ ही तत्कालीन मुख्य सचिव नर्वदा विकाश प्राधिकरण कारण को भी धन्यवाद देना चाहता हूं की जिन्होंने हमारी शर्तों को ध्यानपूर्वक अवलोकन कर सही दिशा में कार्य को आगे बढ़ाने का निर्णय लिया है वह सराहनीय है।

## सूने घर घर का ताला तोड़कर चोर ले उड़े गहने और नकदी



**सतना।** सिविल लाइन थाना अंतर्गत बगहा बाईपास के पास स्थित सुरेन्द्र गौतम के मकान का ताला तोड़कर बीती रात अज्ञात चोर सोने-चांदी के जेवरात चुरा कर चंपत हो गये। बताया गया है कि सुरेन्द्र गौतम परिवार सहित अपने गांव में आयोजित किसी कार्यक्रम में शरीक होने गये हुये थे। घर सूना देखकर अज्ञात चोरों ने करीबन एक लाख से अधिक कीमत के जेवरात पार कर दिये। घटना के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक सुरेन्द्र गौतम कार्यक्रम से जब वापस लौटे तो मकान के गेट पर लगा ताला टूटा पड़ा था और अंदर चारों तरफ कपड़े व अन्य सामान फर्श पर बिखरा पड़ा हुआ था। सुरेन्द्र ने घटना की सूचना सिविल लाइन थाना में दी। जिस पर थाना प्रभारी योगेन्द्र सिंह परिहार पुलिस बल सहित मौके पर पहुंचे,उनके द्वारा मौका मुआयना किया गया। किन्तु चोरी के संबंध में कोई भी सुराग के हाथ नहीं लग पाया। पुलिस के मुताबिक जहां सुरेन्द्र गौतम का घर बना हुआ है,वहां सीसीटीवी कैमरे नहीं लगे हुये हैं। लिहाजा स्थल से वारदात के फुटेज नहीं मिल पाये हैं। थाना प्रभारी श्री परिहार के अनुसार पुलिस टीम गौतम के घर के पास की सड़क पर लगे सीसीटीवी कैमरे को खंगाल रही है। उम्मीद है कि वारदात से संबंधित कुछ फुटेज सीसीटीवी कैमरे से प्राप्त हो जायेंगे। जिसके आधार पर पुलिस अपराधी तक पहुंचने का प्रयास करेगी।

## अपना परीक्षा परिणाम पाकर बच्चों के खिल उठे चेहरे





**सतना।** नगर के अग्रणी शिक्षा संस्थान लवडेल सीनियर सेकेन्ड्री स्कूल कोठी रोड बगहा के कक्षा 12 वीं का परिणाम जैसे ही सीबीएसई की साइट में प्रकाशित हुआ परिणाम को देखकर छात्रों की खुशी का ठिकाना नही रहा। संस्थान का परिणाम सतना नगर में अपना प्रथम स्थान लिए कला समूह प्रथम स्थान श्रीजी सिंह 490 अंक 98% द्वितीय स्थान रिसू सिंह 486 अंक 97.2% तृतीय स्थान कौशिकी त्रिपाठी 467 अंक 93.4% चतुर्थ स्थान श्रीजा श्रीवास्तव 462 अंक 92.4% पंचम स्थान आन्या गुप्ता 460 अंक 92% विज्ञान समूह प्रथम स्थान अपूर्वा सिंह 477 अंक 95.4% द्वितीय स्थान देवान्स त्रिपाठी 463 अंक 92.6% द्वितीय स्थान कुनाल सिंह सेंगर 463 अंक 92.8% तृतीय स्थान रुद्राक्ष भारती 455 अंक 91. %चतुर्थ स्थान तनुश्री श्रीवास्तव 448 अंक 89.6% वाणिज्य समूह प्रथम स्थान हर्षित भुरारिया 467 अंक 93.4% द्वितीय स्थान राज अग्रवाल 459 अंक 91.8%तृतीय स्थान आशी खेनका 442 अंक 88.4% कक्षा 10वी का परीक्षा परिणाम प्रथम स्थान रिषभ शुक्ला 492 अंक 98.4% द्वितीय स्थान नीलाक्षी पाण्डेय 480 अंक 96.% तृतीय स्थान पार्थसारथी मिश्रा 474 अंक 94.8% चतुर्थ स्थान अनन्या पाण्डेय 473 अंक 94.6%पंचम स्थान ओजस्वी गोयल 470 अंक 94% सतना नगर में प्रथम स्थान प्राप्तकर्ता श्रीजी सिंह का प्रवेश उच्च शिक्षा हेतु किंग्स कालेज लंदन में हुआ है। सभी छात्र-छात्राओं को संस्था के चेयरमैन मृगेन्द्र सिंह एवं डायरेक्टर विनय सिंह तथा प्राचार्य सत्येन्द्र तिवारी एवं सभी स्टाफ ने सभी को शुभकामनाएँ प्रेषित किया।

## नशीली कफ सिरप की तस्करी के आरोप में एक गिरफ्तार, वाहन जप्त

**सतना।**



नागौद पुलिस ने नशीली कफ सिरप की तस्करी के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है जिसके कब्जे से चार पहिया वाहन भी जप्त किया गया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (देहात) विक्रम सिंह कुशवाह के निर्देशन में एवं एसडीओपी नागौद श्रीमती विदिता डागर (आईपीएस) के द्वारा आगे बढते कदम युवा नशा निवारण कार्यक्रम की शुरुआत की गई जिसके तहत अनुभाग के सभी थाना क्षेत्रों को नशा मुक्ति की दिशा में ले जाने के लिये कदम बढाये जा रहे हैं जिस हेतु मादक पदार्थों की खेती,परिवहन,वितरण एवं सेवन के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जा रही है। इसी आवश्यकता को मद्देनजर रखते हुये थाना प्रभारी नागौद अशोक पाण्डेय के नेतृत्व में निम्नानुसार कार्यवाही की गई। बताया जाता है कि 13 में को रात दस बजे मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति झोला में अवैध नशीली कफ सिरप लिये सतना तरफ से एक ट्रक में बैठकर सिंहपुर चौराहा में उतरकर इन्द्रानगर नागौद तरफ बिक्री करने हेतु जा रहा है। मुखबिर सूचना की तस्दीकी हेतु हमराही स्टाफ एवं साक्षी के मुखबिर के बताये हुये स्थान पानी टंकी के पास पहुचे कि मुखबिर के बताये अनुसार एक व्यक्ति से नाम पता पूछा गया जो अपना नाम राजेश मिश्रा पिता रामानुज मिश्रा उम्र 39 वर्ष निवासी पुरवा तरौहां थाना कोतवाली कर्वी जिला चित्रकूट उ.प्र.हाल मझगवां जिला सतना का होना बताया जिसे मुखबिर की सूचना से अवगत कराते हुए संदेही राजेश मिश्रा के हाथ में लिये बाजारू झोला को खुलवाकर चेक किया गया तो झोला के अंदर नशीली कफ सिरप विंग्स बायोटच एएलपी आनरेक्स कम्पनी की 25 नग शीशी कीमती 4250 रुपये का होना पाया गया। उपरोक्त संदेही से इतनी मात्रा में नशीली कफ सिरप रखने के संबंध में वैध कागजात चाहा गया जो कोई दस्तावेज का होना नही बताया।आरोपी राजेश मिश्रा का यह कृत्य अपराध धारा 8बी,21,22 एनडीपीएस एक्ट 5/13 म.प्र. ड्रग कन्ट्रोल अधिनियम 1949 के तहत दण्डनीय पाये जाने से 25 नग शीशी नशीली कफ सिरप विंग्स बायोटच एलएलपी आनरेक्स कम्पनी की कीमती 4250 रुपये मुताबिक जप्ती पत्रक के जप्त कर कब्जे पुलिस लिया जाकर आरोपी राजेश मिश्रा पिता रामानुज मिश्रा उम्र 30 वर्ष निवासी पुरवा तरौहां थाना कोतवाली कर्वी जिला चित्रकूट उ.प्र.हाल मझगवां जिला सतना को गिरफ्तार कर वापसी पर थाना नागौद में अपराध क्रमांक 348/24 धारा 8बी,21,22 एनडीपीएस एक्ट 5/13 म.प्र. ड्रग कन्ट्रोल अधिनियम 1949 कामय कर विवेचना में लिया जाकर आरोपी को माननीय न्यायालय पेश किया गया जिसे माननीय न्यायालय द्वारा जेल भेज दिया गया।

## सतना स्मार्ट सिटी इनक्यूबेशन सेंटर में सतना शार्क टैंक कार्यक्रम का आयोजन





**सतना।**

शहर एवं विंध्य में स्टार्टअप कल्चर को बढ़ावा देने के उद्देश से सतना स्मार्ट सिटी इनक्यूबेशन सेंटर द्वारा शार्क टैंक सतना कार्यक्रम का शुभारंभ 14 मई को ईडी सतना स्मार्ट सिटी शेर सिंह मीणा द्वारा किया गया। इस दौरान सतना स्मार्ट सिटी से सीएफओ भूपेंद्र देव परमार,मैनेजर ई गवर्नेंस दीपेंद्र सिंह राजपूत इनक्यूबेट सेंटर से डायरेक्टर चंद्रकांत तिवारी,गौरव शाक्य, रागिनी एवं संजना सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुवात में ईडी शेर सिंह मीणा ने संबोधित करते हुए सतना शार्क टैंक कार्यक्रम को विंध्य के स्टार्टअप उद्धमियों बेहद महत्वपूर्ण बताया। उक्त कार्यक्रम में निवेशकों में कैलिफोर्निया अमेरिका के वेलियंट ग्रुप से राज परिहार,सुधाकरण,मिस तृप्ति त्रिपाठी,मणिरत्नम मिश्र,पैन इंडिया से सीए विशाल मोहनानी,रेखा मोहननी,प्रीति चौधरी,अखलेंद्र राय एवं सतना शहर से अनंत सोनी,उज्जवल सेनानी,जयदेव ताम्रकार मनविंदर ओवरॉय,आयुष वाधवानी जी ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान सतना इंक्यूबेशन सेंटर के लगभग 17 स्टार्टअप ने अपने आइडिया को निवेशकों के समक्ष प्रस्तुत किया। निवेशकों द्वारा 8 स्टार्टअप ट्यूटर बडीज,ग्रेबकी,इलेक्ट्रो स्टोर,अर्थ एनालिटिकल लैब,श्रीराम वल्लभ रसोई,उनीखोज,ट्यूटर यंत्रा,रोजर लैंडको फंडिंग करने के सैद्धांतिक सहमति दी,निवेशकों द्वारा स्टार्टअप्स के बिजनेस मॉडल पर एनालिसिस के उपरांत 15 जून तक उनके द्वारा निवेश की जाने वाली राशि घोषित की जावेगी। कार्यक्रम के अंत में सी एफ ओ भूपेंद्र देव परमार ने सभी निवेशकों एवं स्टार्टअप का कार्यक्रम में शामिल होने आभार व्यक्त किया।



## प्रिज़्म जॉनसन लिमिटेड में मातृ दिवस धूमधाम से मनाया गया

**सतना।**

प्रिज़्म जॉनसन लिमिटेड में मातृ दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत केक काटकर कि गई। यह कार्यक्रम उन कार्यरत महिलाओं के लिए आयोजित किया गया जो आफिस और घर दोनों जगह अपना कार्य पूर्ण जिम्मेदारी के साथ निभा रहीं है। आधुनिक दौर में महिलायें आफिस कार्य के साथ साथ देश और दुनिया में हर महत्तवपूर्ण जगह पर अपना कार्य पूर्ण भागीदारी के साथ कर रही है। इसके साथ ही परिवार की देखभाल के साथ बच्चों का भी पूरा ध्यान रखती हैं जो काफी चुनौती भरा है। मनीष कुमार सिंह प्रेसीडेंट एवं प्लांट हेड ने मातृ दिवस के अवसर पर अपनी शुभकामनाएं दी और अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा की महिला ममता, त्याग, कल्याण, सेवा और उच्च मूल्यों की सजीव प्रतिमा है। नारी की दुर्गा,लक्ष्मी,सरस्वती आदि अनेक रुपों में पूजा आराधना करते हैं। मनीष कुमार सिन्हा सीनियर वाइस प्रसीडेंट एचआरएम.एंड कार्पोरेट अफेयर्स ने मातृ दिवस के अवसर पर अपनी शुभ कामनाएं देते हुए कहा कि नारी ईश्वर की अद्वितीय रचना है।जैसे मूर्ति मंदिर की शोभा है ठीक उसी प्रकार घर व सृष्टि की शोभा नारी है।व्यक्ति निर्माण से लेकर विश्व निर्माण तक महिलाओं का महत्तव और भूमिका हम सभी अच्छी तरह से जानते है। परिवार जो कि समाज की सबसे बड़ी इकाई है उसकी जीवन पद्धति और व्यवहार उस परिवार की प्रमुख महिलाओं के संस्कार से प्रतिबिंम्बित होते है।परविार के सभी सदस्यों के संस्कारों को तराशने की जिम्मेदारी उसी पर होती है। इसीलिए कहा गया है प्रथम शिक्षा बच्चे को मॉ से प्राप्त होती है। उपरोक्त आशय की जानकारी प्रिज़्म जॉनसन लिमिटेड के एजीएम जनसंपर्क देवेन्द्र मिश्रा ने दी है।



## कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने मतगणना तैयारियों का लिया जायजा

**सतना।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग वर्मा और पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता ने मंगलवार को प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों के साथ मतगणना स्थल शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय व्यंकट क्रमांक-1 सतना में लोकसभा निर्वाचन 2024 की मतगणना के लिये की जा रही तैयारियों का निरीक्षण किया। कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने मतगणना परिसर के अंदर और बाहर के क्षेत्रों का निरीक्षण करते हुये आवागमन के मार्गों,प्रवेश द्वारों पर सुरक्षा की व्यवस्था,बैठक व्यवस्था,परिसर की सुरक्षा,बैठक व्यवस्था,बैरिकेडिंग सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। कलेक्टर श्री वर्मा ने अधिकारियों से कहा कि आयोग के निर्देशानुसार मतगणना 4 जून को की जायेगी। मतगणना की व्यवस्थाओं के लिये विभागों को आवंटित की गई जिम्मेदारियों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण कर लें। मतगणना कार्य से जुड़े सभी अधिकारी आयोग की गाइडलाइन के अनुसार कार्य करें। पुलिस अधीक्षक श्री गुप्ता ने सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में पुलिस कर्मियों को परिसर का सुरक्षा घेरा और प्रवेश द्वारों पर पूरी सजगता के साथ ड्यूटी करने के निर्देश दिये गये। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत संजना जैन,अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी स्वप्निल वानखेडे,नगर निगम आयुक्त शेर सिंह मीना,एआरओ नीरज खरे,राहुल सिलाढ़यि,सीएसपी महेंद्र सिंह,रक्षित निरीक्षक देविका सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग वर्मा और पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता ने मतगणना स्थल के निरीक्षण के बाद स्ट्रांग रुम का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सीसीटीवी कैमरों एवं एलईडी स्क्रीन की जांच की जाकर स्ट्रांग रुम की सुरक्षा में मुस्तैद सुरक्षा प्रहरियों को सुरक्षा व्यवस्था चाक-चैबंद रखने के निर्देश दिये।

## कलेक्टर मैहर ने की एकलव्य आवासीय विद्यालय मैहर की गतिविधियों की समीक्षा

**सतना।**



कलेक्टर मैहर रानी बाटड ने मंगलवार को कलेक्टर कक्ष में जनजातीय कार्य विभाग,स्वास्थ्य, महिला बाल विकास,डाइट एवं अन्य विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर मैहर के एकलव्य आवासीय विद्यालय की गतिविधियों की समीक्षा की। इस दौरान कलेक्टर ने छात्रों के एडमिशन,भोजन की व्यवस्था और विद्यालय द्वारा छात्रों को मिलने वाली सुविधा की समीक्षा की। विद्यालय द्वारा पुस्तक और स्टेशनरी सामग्री क्रय कर वितरण के संबंध में कलेक्टर ने विभाग को निर्देशित करते हुए एनसीआरटी पब्लिकेशन से क्रय कर वितरण करने के निर्देश दिये। विद्यालय में सेप्टिक टैंक की मरम्मत,नालियों की साफ-सफाई,सीसीटीवी कैमरे की संख्या बढ़ाने और बाउंड्री के किनारे सौर ऊर्जा वाली स्ट्रीट लाइट लगाने के संबंध में विभागीय इंजीनियर से अवलोकन कराकर कुल व्यय का लेखा-जोखा प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। साथ ही खाने के बर्तन,सोने के लिए बिस्तर,स्कूल बैग,छात्रों पर होने वाले वार्षिक व्यय की भी समीक्षा की। बैठक में बताया गया कि पिछले शैक्षणिक सत्र में छात्रों को सामूहिक रूप से स्थानीय स्तर यात्रा नहीं कराई गई है। इस पर कलेक्टर ने विभागीय अधिकारियों के प्रति नाराजगी जाहिर की। उन्होने स्थानीय स्तर पर छात्रों को यात्रा कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने छात्रों की प्रति माह स्वास्थ संबंधित जांच करने और जरूरी दवाएं उपलब्ध करने के लिए डॉ वीके गौतम को निर्देशित किया। इस दौरान प्रभारी जिला कार्यक्रम अधिकारी राजेंद्र बांगरे,जिला संयोजक जनजातीय कार्य अविनाश पांडेय,डॉ वीके गौतम,प्राचार्य रामलला बागरी,पूर्व प्राचार्य एसपी मिश्रा,एवं संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# अवैध रूप से गांजा का विक्रय करने वाले आरोपी को 2 वर्ष का कठोर कारावास एवं जुर्माना

**पन्ना।** कार्यालय जिला लोक अभियोजन अधिकारी पन्ना के सहा. मीडिया प्रभारी/सहा.जि.लोक अभि.अधि. रोहित गुप्ता के बताये अनुसार घटना संक्षेप में इस प्रकार है कि, दिनांक 06.08.2020 को पी.एस.आई. सुयश पाण्डेय ने इस आशय की देहाती नालसी लेख किया कि दिनांक 06.08.2020 को रोजनामचा सान्हा 23 समय 13:53 बजे कोरोना अभियान के तहत बिना मास्क लगाये व्यक्तियों के विरूद्ध कार्यवाही करने हेतु रवाना हुआ था दौरान कार्यवाही के कटन चौराहे में मुखबिर सूचना प्राप्त हुयी एक सिल्वर कलर की अल्टो जिसका नंबर एमपी 35 सीए 3828 है गुनौर तरफ से कटन होते हुए गंज आ रही है जिसकी डिग्गी में गांजा रखा है मुखबिर सूचना का पंचनामा तैयार किया जाकर मुखबिर की सूचना से जरिए मोबाइल एसडीओपी गुनौर को अवगत कराया गया एसडीओपी द्वारा मर्ग जांच में बाहर होने से मुझे पीएसआई को कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। एवं गुनौर तरफ से आने वाले वाहनों की निगरानी करने लगा तभी 17:30 बजे एक सिल्वर कलर की अल्टो कार गुनौर तरफ से आयी जसके नंबर प्लेट में एमपी 35 सीए 3828 नंबर अंकित था हमराह बल की मदद से अल्टो कार को रोका व चालक से नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम रज्जू पिता हल्कू रैकवार उम्र 36 वर्ष निवासी गंज थाना सलेहा जिला पन्ना का होना बताया संदेही की दस्तयाबी का पंचनामा तैयार किया व अल्टो कार क्रमांक एमपी 35 सीए 3828 की तलाशी पर कार की डिग्गी के अंदर एक पॉलीथिन में हरे रंग की पत्ती, डंठल, बीज भरे मिले बरामदगी का पंचनामा तैयार कर पत्ती, डंठल, बीज में से थोडी मात्रा लेकर स्वयं हमराही बल को सूंघकर, रगडकर, जलाकर पहचान कर आया तो मादक पदार्थ गांजा होना पहचान कर पहचान पंचनामा तैयार किया। बरामद मादक पदार्थ गांजा की तौल करायी जाने पर मादक पदार्थ की कुल मात्रा 1 किलो 200 ग्राम पायी गयी। रज्जू पिता हल्कू रैकवार निवासी गंज से मादक पदार्थ कब्जे में रखने के संबंध में वैध दस्तावेज मांगे गए तो कोई दस्तावेज नहीं होना बताया आरोपी रज्जू का कृत्य धारा 8/20बी, एनडीपीएस एक्ट के तहत दंडनीय अपराध पाये जाने से थाना सलेहा में अभियुक्त रज्जू रैकवार के विरूद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट पंजीबद्ध कर प्रकरण विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान घटनास्थल का नक्शामौका तैयार किया गया, सुसंगत साक्षीगण के कथन लेखबद्ध किये गये। सम्पूर्ण विवेचना उपरांत अभियुक्त रज्जू रैकवार के विरूद्ध धारा 8/20(ख) एन.डी.पी.एस. एक्ट के अंतर्गत इस न्यायालय के समक्ष अभियोग पत्र प्रस्तुत किया गया। माननीय श्रीमान इंद्रजीत रघुवंशी विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट के न्यायालय मे शासन की ओर से पैरवी करते हुए श्री सुनील कुमार द्विवेदी अपर लोक अभियोजक द्वारा दौरान विचारण अभियोजन के साक्ष्य को क्रमबद्ध तरीके से लिपिबद्ध कराकर न्यायालय के समक्ष आरोपी के विरूद्ध आरोप को संदेह से परे प्रमाणित किया तथा आरोपी का कृत्य गंभीरतम होने के कारण उन्हे कठोर से कठोरतम सजा दिये जाने का अनुरोध किया। अभिलेख पर आई साक्ष्य और अभियोजन के तर्को एवं न्यायिक दृष्टांतो से संतुष्ट होते हुए न्यायालय द्वारा आरोपी रज्जू रैकवार को धारा-8/20(बी)(पप)(बी) एनडीपीएस एक्ट में 02 वर्ष का कठोर कारावास एवं 25000 रूपए का अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

खबर संक्षेप

## नोहटा में निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन

**बनवार।** जबेरा विधायक एवं मध्य प्रदेश शासन के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेंद्र सिंह लोधी के प्रयासों से उनके गृह ग्राम नोहटा की ग्राम पंचायत भवन में श्री सदगुरू सेवा संघ ट्रस्ट जानकी कुंड चित्रकूट के द्वारा आधुनिक मशीनों सहित निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें समाजसेवी नितिन राय द्वारा बताया गया कि नेत्र से संबंधित उपचार के लिए 36 लोगों ने परीक्षण करवाया और लाभ प्राप्त किया जिसमें 25 मरीजों को निशुल्क चश्मे सहित दवाईयों का वितरण किया और 11 मरीजों को निशुल्क बस के माध्यम से चित्रकूट ले जाया गया है जहां सभी मरीजों का निःशुल्क उपचार किया जायेगा। शिविर में नोहटा सरपंच सोनम लालसिंह यादव जी,मंडल अध्यक्ष सतपाल सिंह, प्रेमसिंह राजपूत, डाक्टर अभिषेक गोइल, भूपेश गंधर्व, पुरषोत्तम दुबे,साहब यादव ,पिंटू रैकवार,उमेश यादव,दीपेश नामदेव मंत्री कार्यालय से सोनू सेन, रत्नेश सिंह लोधी,करन सिंह,शुभम रैकवार जी सहित अन्य लोगों ने सहयोग प्रदान किया।

## प्रधान जिला न्यायाधीश ने जिला जेल का निरीक्षण कर देखी व्यवस्थाएं



**पन्ना।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भावना साधौ द्वारा आज जिला जेल पन्ना का औचक निरीक्षण किया गया। इस मौके पर उन्होंने जेल किचन में भोजन व्यवस्था व भोजन की गुणवत्ता का निरीक्षण किया। साथ ही पुरूष व महिला बैरकों का पृथक-पृथक निरीक्षण कर स्वच्छता एवं हाइजीन के बारे में जानकारी ली। बंदियों से मुक्त चर्चा कर समस्याएं सुनी और उचित मामलों में न्यायालय एवं प्राधिकरण द्वारा उच्च न्यायालय में अपील के लिए निःशुल्क निर्णय प्रति प्रदान करने के निर्णय दिए। यूटीआरसी द्वारा अनुशंसित बंदियों के जमानत व रिहाई के संबंध में तथा जेल चिकित्सालय व महिला बैरक का निरीक्षण कर स्वच्छता एवं स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। प्रभारी जेल अधीक्षक को बंदियों के स्वास्थ्य के संबंध में दिशा निर्देश भी दिए। निरीक्षण के अवसर पर जिला न्यायाधीश एवं प्राधिकरण के सचिव हरप्रसाद बंशकार, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सुनील अहिरवार एवं जिला विधिक सहायता अधिकारी देवेन्द्र सिंह परस्ते भी उपस्थित रहे।

## जिला शिक्षा अधिकारी की उपस्थिति में सीएम राइज विद्यालय पवई में समर कैम्प का हुआ समापन



**पन्ना।** 1 मई से 13 मई के पश्चात मंगलवार को जिला शिक्षा अधिकारी सूर्य भूषण मिश्रा पन्ना के मुख्य आतिथ्य और रवि खरे प्राचार्य डाइट पन्ना के विशिष्ट आतिथ्य में समर कैंप का कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिसमें संस्था के प्राचार्य आर के नगायच के निर्देशन में समर कैम्प के दौरान कराई गई गतिविधि संगीत गायन वादन,खेल,चित्र कला ,योग और अन्य कला कौशल के साथ नृत्य तथा नाटिका का मंचन वृक्ष बचाए और वृक्ष लगाए का मंचन किया गया। कार्यक्रम में बी ई ओ पवई , डीपीसी पन्ना,कन्या उमावि पवई प्राचार्य मनोज पटेल,कृष्ण गढ़ उमावि प्राचार्य केएस प्रजापति,शिक्षाविद संगीत और संगीतज्ञ एन के श्रीवास्तव ,आर के वर्मा गणमान्य नागरिक, अभिभावक ,विद्यालय के शिक्षक/कर्मचारी, मीडिया और पत्रकार तथा बड़ी संख्या में प्रतिभागी छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। साथ ही कार्य क्रम में अतिथियो के साथ उत्कृष्ट परीक्षा फल कक्षा 5,8,10 और 12 में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर आने वाले छात्र छात्राओं को प्रमाण पत्र और मेडल भी जिला शिक्षा अधिकारी एसबी मिश्रा और रवि खरे के द्वारा अभिभावकों की उपस्थिति में वितरित किए गए।सीएम राइज पवई के प्राचार्य आर के नगायच ने समर कैंप की उपयोगिता बच्चो की सृजन शक्ति,उनमें क्षुपी प्रतिभा को निखारने के लिए अनुभवी शिक्षको, प्रशिक्षको द्वारा बताए गए मार्ग से लक्ष्य और सरल, सहज होता है,अन्य बच्चो से हटकर नई सोच नई ऊर्जा से भरपूर होकर आगे बढ़ जाता है,वही दूसरे बच्चे मोबाइल सोशल मीडिया, की दुनिया खो जाते है।जिला शिक्षा अधिकारी महोदय मिश्रा और डाइट प्राचार्य रवि खरे ने संस्था के छात्रों, शिक्षको और प्राचार्य आर नगायच की तारीफ करते हुए कहा कि गत वर्ष की तुलना में अच्छे परीक्षा परिणाम सामने आए है। समर कैंप में आयोजित खेलों में विशेष रूप से विवेक शंकर सिंह श्रीमती गौसिया खान खेल युवा कल्याण विभाग के योग शिक्षक सतानंद पाठक का विशेष योगदान रहा।

## हत्याकांड के आरोपियों को फांसी एवं पीड़ितों को न्याय की मांग हेतु सौंपा ज्ञापन



**पन्ना।** जिले के देवेंद्रनगर थाना अंतर्गत रंजोरपुरवा के छुलहर हार में 4 मई की रात खेत की रखवाली कर रहे किसान अयोध्या प्रसाद द्विवेदी एवं बटाईदार शिवनारायण कुशवाहा और छोटेलाल कुशवाहा पर हुए हमले में शिवनारायण की दर्दनाक मौत हो गई है एवं 2 गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। मृतक और घायलों के परिवार के लोगों ने 13 मई 2024 को पुलिस अधीक्षक और कलेक्टर को ज्ञापन सौंप कर हत्यारों को फांसी दिलाने और मृतक एवं घायलों के परिवार को आर्थिक सहायता दिलवाने की मांग की गई है। बताया गया है कि घटना के बाद से पूरा परिवार भयभीत है, क्योंकि अभी तक केवल 3 आरोपी गिरफ्तार हुए हैं बाकी फरार हैं, जिससे पीड़ति परिवार अपने खेतों की रखवाली नहीं कर पा रहा है, फरार आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार कर पीड़ितों को न्याय एवं आर्थिक सहायता दिलवाने की मांग उठाई गई है।

## युवाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए सेडमैप शुरू कर रहा क्षमता निर्माण कार्यक्रम

**पन्ना।** उद्यमिता विकास केंद्र मध्य प्रदेश (सेडमैप) द्वारा युवाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए सभी 55 जिलों में 37 विभिन्न सेक्टर में युवाओं को निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र अंतर्गत संचालित शासकीय स्वरोजगार योजनाओं की सब्सिडी का लाभ प्राप्त करने के लिए सर्टिफिकेट आवश्यक होता है। इस हेतु एक व्यापक कार्यक्रम तैयार किया गया है, जो इच्छुक और छोटे व्यवसाय उद्यमियों के लिए, व्यावसायिक उद्यमों की स्थापना को सुविधाजनक बनाने और मौजूदा व्यावसायिक इकाइयों के विकास को बढ़ावा देगा। पाठ्यक्रम में पठन सामग्री, वीडियो आधारित ट्यूटोरियल केस-आधारित दृष्टिकोण भी प्रदान किया जाता है। केंद्र द्वारा डीएलईसी फोरलेन फार्मूला आधारित 'सर्टिफिकेट इन बिजनेस स्किल, डिसेंट्रलाइजेशन, लोकल, एंटरप्रेन्योरशिप तथा कोऑपरेशन' के साथ 'फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम सर्टिफिकेट' का संयुक्त संचालन किया जा रहा है। इस संदर्भ में बताया गया है कि इसके लिए संयुक्त रूप से एक कोर्स 'ज्ञान हैंडबुक' डिजाइन किया गया है, जिसमें 37 विभिन्न सेक्टर से संबंधित उद्यमिता के आयाम को सम्मिलित किया गया है। साथ में वरिष्ठ विषय विशेषज्ञों एवं अधिकारियों द्वारा भी इसमें युवाओं को मार्गदर्शन दिया जाएगा। प्रतिभागी ऑनलाइन माध्यम से घर बैठे उद्यमिता पर प्रशिक्षण पा सकते हैं और प्रमाण-पत्र भी निःशुल्क डाउनलोड कर सकते हैं। प्रत्येक विषय पर जानकारी के साथ प्रत्येक वीडियो यू-ट्यूब पर उपलब्ध रहेगा। पाठ्यक्रम में उद्यमिता के उभरते हुए अनेक सेक्टर को सम्मिलित किया गया है, जिसमें प्रमुख रूप से वनौषधि-आयुष एपीआई, 64-कलाओं, सोलह सिंगार, हर्बल, 108 जड़ी-बूटी, मोटा अनाज, 108 भारतीय मसाला, जनजातीय उद्यमिता, हथकरघा-बुटीक, गोबर उत्पाद, पूजन सामग्री, फूड प्रोसेसिंग, भारतीय शिल्प, अलाइड डेयरी, मिलेट बेकरी, महुआ, जैव उर्वरक, घरेलू व दैनिक उपयोग की वस्तुओं, बायोप्लास्टिक, स्पोर्ट्स, योग-नेचुरोपैथी पर्यटन उद्यमिता तथा अन्य संबंधित उप सेक्टर शामिल हैं। जल और ऊर्जा स्वराज के साथ एग्रोएंटरप्रेन्योर तैयार करना, विकसित मध्यप्रदेश, फूड प्रोसेसिंग हब, एग्रोप्रेनर ग्रामीण अर्थव्यवस्था के नए इंजन, न्यूट्री हब, श्रीअन्न सुपरफूड को वर्ल्ड वाइड एक्सपोर्ट, छोटे किसानों के लिए मिलेट्स (श्रीअन्न) आधारित उद्यमिता, सौर उर्जा ट्यूबवेलों, कृषि मशीनरी और उपकरण आधारित उद्यमिता, पीएम किसान समृद्धि का विस्तार, ड्रोन-कृषि-सैटेलाइट उद्यमिता के क्षमता निर्माण होने से उपज के प्रभावी मार्केटिंग के लिए नए आयामों को स्थापित करना शामिल है। इसमें संयुक्त रूप से स्वावलंबी भारत अभियान, मिनिस्ट्री ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इनफॉरमेशन टेक्नोलॉजी भारत सरकार प्रोजेक्ट राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय अमरकंटक, मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद म.प्र. सरकार, आईसीएआर-अटारी जबलपुर, एकल ग्रामोत्थान फाउंडेशन, स्वर्णिम भारतवर्ष फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में भारत के सवा सौ करोड़ 'ज्ञान' जी फॉर गरीब, वाई फॉर युवा, ए फॉर अन्नदाता (किसान), एन फॉर नारीशक्ति (महिला) पर ध्यान कर डीएलईसी फार्मूला डिसेंट्रलाइजेशन (विकेंद्रीकरण), लोकल (स्वदेशी), एंटरप्रेन्योरशिप (उद्यमिता), कोऑपरेशन (सहकारिता) आधारित अत्याधुनिक पाठ्यक्रम का निःशुल्क संचालन किया जा रहा है। अहिल्याबाई होल्कर जन्म त्रिशताब्दी वर्ष निमित्त प्रारंभ हुये क्षमता सम्वर्धन के इस कार्यक्रम में कुटुंब प्रबोधन और नागरिक शिष्टाचार के साथ स्वदेशी उत्पाद हेतु स्थानीय संसाधन का पर्यावरण हितैषी के रूप में उपयोग एवं सामाजिक समरसता को ध्यान में रखकर सहकारिता आधारित आउट ऑफ बॉक्स थिंकिंग वाले उद्यमिता के माध्यम से क्लास बी और क्लास सी कैटेगरी के स्वदेशी उत्पादों से बड़े पैमाने पर इंपोर्ट कम तथा एक्सपोर्ट को बढ़ावा देने सम्मिलित किया गया है। पंच परिवर्तन के सूत्र सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, स्व का जागरण तथा नागरिक शिष्टाचार का पालन करते हुए उद्यमिता पारिस्थितिकी तंत्र उद्यमिता का निर्माण प्रायोगिक रूप में कराने का प्रशिक्षण भी इस पाठ्यक्रम में शामिल है।

## हीरों की धरती से मजदूरों का पलायन, घरों में लगे ताले, गांव हुए वीरान





### हीरा एवं पत्थर खदानें बंद होने, मनरेगा के काम मशीन से होने से उपजा संकट

**पन्ना।** हीरों की धरती से मजदूरों का पलायन लगातार जारी है। अब तो हालात इतने नाजुक हो चुके हैं कि किसी जमाने में षहर के हजारों लोगों को रोजगार देने वाले ग्राम खजरी कुड़ार के लोग भी पलायन को मजबूर हो गए हैं। कभी यहां कई पत्थर खदानें और कुछ ही दूरी पर दहलान चौकी में अनगिनत हीरा खदाने चलती थी, जहां स्थानीय लोगों को तो पर्याप्त रोजगार तिलता ही था, जिला मुख्यालय पन्ना के भी अनगिनत लोगों का यहां से रोजगार चलता था। लेकिन पत्थर खदाने बंद होने के बाद मजदूर केवल हीरा खदानों पर निर्भर हो गए, लेकिन 2 साल पूर्व हीरा खदाने भी बंद हो गई जिससे यहां के लोग भी पलायान को मजबूर हो गए हैं। जानकारी के अनुसार पन्ना जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत कुड़ार के 200 से अधिक मजदूर परिवार सहित हरियाणा, पंजाब, महाराष्ट्र और जम्मू कश्मीर चले गए हैं। जिससे गांव के अधिकांश घरों में ताले लटक रहे हैं। बताया गया है कि ग्राम पंचायत कुड़ार में लगभग दर्जन भर टोला मजरा हैं जहां अधिकांश आदिवासी एवं अनुसूचित जाति के लोग रहते हैं कोतवालीपुर में दर्जन भर वंशकार परिवार रहते हैं जिनमें से अधिकांश परिवार जम्मू कश्मीर चले गए हैं। अन्य मजरा टोला के मजदूर भी पलायन कर गए हैं। इसी प्रकार पन्ना जिले के सैकड़ों ग्रामों के लोग रोजी-रोटी की तलाश में गांव छोड़ने को मजबूर हैं।

### मजदूरों की रोजी-रोटी में डाका

जहां रोजगार के संसाधन नहीं होते जहां रहकर लोग दो वक्त की रोटी की व्यवस्था नहीं कर पाते वहां से वह पलायन करने को मजबूर हो जाते हैं। आज के परिवेश में पलायन किसी जिले की सबसे बड़ी नाकामी कही जा सकती है। बात अगर हीरों की धरती कहे जाने वाले पन्ना जिले की हो तो यह और भी शर्मनाक कहा जाएगा। क्योंकि जहां की धरती में अकूत खनिज संपदा भारी-पड़ी हो जहां की धरती बेसकीमती हीरे उगलती हो वहां के लोग रोजगार की तलाश में अपने छोटे-छोटे मासूम बच्चों और बुजर्ग माता-पिता के साथ परिवार सहित पलायन करने को मजबूर हों। इससे षर्मनाक और क्या हो सकता है।

### कोविड-19 संकट काल में दूसरे राज्यों में फंसे थे लाखों मजदूर

कॉविड-19 संकट काल में जब लॉकडाउन लगा था तब लाखों मजदूर दूसरे राज्यों में फंस गए थे जहां कुछ दिन इंतजार के बाद वह पैदल लौटने लगे थे जिसके बाद प्रशासन द्वारा उन्हें वापस लाने के प्रयास शुरू किए गए और सैकड़ा भर बसें इन मजदूरों को लाने के लिए लगाई गई थी ग्राम पंचायतवार पलयनकर्ता मजदूरों को आइसोलेट किया गया उनकी सूची तैयार की गई और स्थानीय स्तर पर मनरेगा योजना में रोजगार देने के साथ अन्य व्यवस्थाओं की बात भी कही गई लेकिन कोविड-19 संकट समाप्त होने के बाद अब ग्राम पंचायतों में ऐसी सूची भी उपलब्ध नहीं है कि पंचायत से कितने लोग पलायन कर गए हैं जो कहां कैसी स्थिति में हैं।

### क्या है पलायन का मुख्य कारण

कहा जाए तो पन्ना में रोजगार की कभी कमी हो ही नहीं सकती क्योंकि यहां हीरे की खाने हैं, पत्थर की खाने हैं, रेत की खाने हैं, जंगलों में बेसकीमती औषधियां हैं, तमाम खेत और बाग हैं। लेकिन वन राजस्व सीमा विवाद की वजह से पहले पत्थर खदानें बंद हुई जिससे लाखों लोगों का रोजगार छिन गया, इसके बाद अब हीरा खदानें भी बंद हो गई है इसने भी लाखों लोगों का रोजगार छीन लिया है। मनरेगा योजना के तहत गांव-गांव निर्माण कार्य करवाए जाते हैं लेकिन अधिकांश काम मजदूरों के बजाय मशीनों से करवा कर फर्जी मास्टर से फर्जी भुगतान करवा लिया जाता है। जंगल की लकड़ी शहर में बेचना भी लगभग बंद हो चुका है। ऐसे में मजदूरों के सामने पलायन के अलावा कोई रास्ता नहीं बचता।

### पलायन से मजदूरों के बच्चों का भविष्य हो रहा चौपट

परिवार सहित पलायन करने वाले मजदूरों के बच्चों की पढ़ाई पूरी तरह से चौपट हो जाती है, नियमित टीके भी नहीं लग पाते जिससे उनके स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। पलयनकर्ता मजदूरों को शुद्ध पेयजल एवं उचित रहन-सहन नहीं मिलता, इसका भी उनके शारीरिक एवं मानसिक विकास में असर पड़ता है। इसके अलावा पलयनकर्ताओं के साथ गर्भवती महिलाएं भी होती हैं उनकी भी देखरेख एवं टीका इत्यादि समय पर नहीं लग पाते, कम उम्र के बच्चों को भी अधिक श्रम के काम करने पड़ जाते हैं, जिससे उनके शारीरिक और मानसिक विकास में बाधा होती है। बुजुर्गों को भी तमाम तरह की परेशानियां उठानी पड़ती हैं। दूसरे राज्यों एवं महानगरों में मजदूरों के साथ शोषण भी होता है लेकिन लाचारी उन्होंने सब सहने को मजबूर कर देती है।

### मानव तस्करों की सक्रियता

पन्ना जिले की गरीबी और बेरोजगारी का फायदा उठाकर कुछ अंतर्राज्यीय मानव तस्कर भी सक्रिय हो गए हैं जो यहां के मजदूरों को काम दिलवाने का प्रलोभन देकर दूसरे राज्यों में ले जाकर बेच देते हैं जहां इनसे अधिक परिश्रम वाले काम करवाए जाते हैं पैसा और पर्याप्त भोजन भी नहीं मिलता, इलाज के लिए भी छूट नहीं दी जाती, ऐसे सैंकड़ों मजदूरों को एनजीओ एवं प्रशासन की मदद से छुड़वाया जा चुका है, लेकिन अभी तक उन्हें शासन की योजनाओं का लाभ नहीं मिला। और पन्ना जिले से मजदूरों का पलायन लगातार जारी है।

## भीषण गर्मी में बेहाल जिला अस्पताल के मरीज, गर्म हवा दे रहे पंखे और कूलर

**पन्ना।** जिले में भीषण गर्मी के प्रकोप से जनजीवन अस्त व्यस्त है, तापमान कभी 42 तो कभी 45 डिग्री तक पहुंच रहा है। आम लोग घरों से निकलने में भी डर रहे हैं, ऐसे में जिला अस्पताल पन्ना में भर्ती मरीजों के हाल सबसे ज्यादा बेहाल बताए जा रहे हैं, क्योंकि बंद कमरों में बिना पानी के रखे कूलर गर्म हवा दे रहे हैं, पुराने जमाने के पंखे भी अब हवा देने में नाकाम साबित हो रहे हैं, जिससे मरीजों और उनके परिजन कागज के टुकड़े या कपड़ा हिलाकर राहत पाने के प्रयास में देखे जा रहे हैं। मरीजों ने बताया कि



यही कूलर अगर खिड़की पर रखवा दिए जाएं और उनमें पानी डलवा दिया जाए तो ठंडी हवा देने लगेंगे जिससे मरीजों और उनके परिजनों को राहत मिल सकेगी, लेकिन स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार अधिकारी कर्मचारी एवं जिला अस्पताल प्रबंधन द्वारा मरीजों की इस तकलीफ को अनदेखा किया जा रहा है। जिससे बीमारियों का इलाज करवाने आने वाले मरीज परेशानियों से जूझ रहे हैं।

## अजीबोगरीब गांव: आने-जाने के लिए नहीं रास्ता, लोग परेशान

### पन्ना जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत कुड़ार के कोतवालीपुर व करीपुरा का मामला



**पन्ना।** जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत कुड़ार में कोतवालीपुर और करीपुरा ऐसे मजरा टोला हैं जहां आने-जाने के लिए कोई रास्ता नहीं है, यहां के लोग खेतों से आवागमन करने को मजबूर हैं। लेकिन बारिश के दिनों में खेतों की जुताई-बुवाई होने से खेतों का रास्ता भी बंद हो जाता है, जिससे यहां के रहवासी मुश्किलों में आवागमन करते हैं। खेतों में कीचड़ और दलदल के बीच आवागमन करना मुश्किल होता है। ऐसे में बीमार व्यक्ति या गर्भवती महिला को अस्पताल ले जाने के लिए एंबुलेंस पहुंचना भी मुश्किल होता है। ऐसी संकट की घड़ी में लोग बीमार व्यक्ति या गर्भवती महिला को चारपाई पर रखकर खेत पार करवाते हैं इसके बाद कहीं अस्पताल जाना संभव हो पता है। इसके अलावा यहां केवल 5वीं तक स्कूल है। आगे की पढ़ाई के लिए बच्चों को भी खेतों से ही गुजरना पड़ता है। बच्चे स्कूल जाने-आने में कीचड़ से लथपथ हो जाते हैं, यहां के रहवासियों ने बताया कि वह सरपंच से लेकर जनपद अध्यक्ष और सीईओ, जिला पंचायत अध्यक्ष और सीईओ एवं कलेक्टर तक और विधायक मंत्री एवं सांसद तक अनेकों आवेदन सौंप चुके हैं, जिसका अब तक कोई समाधान नहीं हुआ। बताया गया है कि गांव के एक तरफ जंगल है और दूसरी तरफ खेत हैं। लोगों के द्वारा शासन प्रशासन से बारिश से पूर्व रास्ता बनवाने की मांग उठाई गई है ताकि वह आसानी से आवागमन कर सकें, इमरजेंसी में 108 एम्बुलेंस, जननी एक्सप्रेस एवं डायल हंड्रेड जैसे वाहन पहुंच सकें और बच्चे आसानी से स्कूल पढ़ने जा सकें, अब देखना यह होगा कि कोतवालीपुर एवं करीपुरा के लोगों की इस समस्या का समाधान कब तक हो पाता है।

## खबर संक्षेप

### मेघावी राशि गुप्ता कक्षा 12 वी 93% अंक प्राप्त कर नगर का नाम रोशन किया

**धनपुरी।** ग्रीन बेल्स पब्लिक स्कूल बुढार कक्षा 12 वी की धनपुरी छात्रा कुमारी राशि गुप्ता पिता राजेश गुप्ता ने सीबीएससी परीक्षा परिणाम में 93% अंक अर्जित कर धनपुरी एवं बुढार का नाम रोशन किया। मेघावी छात्रा 93 प्रतिशत प्राप्त करने पर। नगर के वरिष्ठ नागरिकों ने बधाई दी बधाई देने वालों में मैथिलीशरण गुप्त हनुमान खंडेलवाल मोहम्मद आजाद राजू अग्रवाल लक्ष्मण सोनी मोहम्मद सफीक राजकुमार गुप्ता सत्यनारायण गुप्ता पुरुषोत्तम गुप्ता सुभाष गुप्ता हेमंत सोनी विनय सिंहा आदि लोगों ने बधाई दी।

### विजहा में अवैध शराब की पैकारी गली गली

**शहडोल।** जिला के थाना जयसिंहनगर अन्तर्गत शासकीय शराब दुकान ठेकेदारों के द्वारा गांव गांव अवैध शराब की पैकारी करा रहा और आबकारी विभाग बना मुकदर्शक। जयसिंह नगर के हर गाँव शराब की खेप पहुँचाई जा रहा है जयसिंहनगर थाना क्षेत्र के अन्दर 500 दुकाने चल रही हैं, अवैध नशे का कारोबार गाँव गाँव घर घर पहुँचाया जा रहा है जिससे पूरी युवा नस्ल नशा के चपेट में शमा रही है। हर दिनों शराब कारोबारियों के द्वारा बोलेरो में शराब भरकर सुबह सुबह गाँव गाँव पहुंचा जाते हैं हर दिन गाँवो मे शराबी सड़क पर गाली देते रहते हैं एवं नशा करने के लिए आएदिन चोरी एवं मार पीट की घटनाओं का होना जायज है आबकारी विभाग उदासीन है क्योंकि उनका ठेकेदार के साथ सांठ गांठ होना तय है थाना जयसिंहनगर द्वारा भी कोई एक्शन नहीं लिया जाता है और ठेकेदार द्वारा यूपी बिहार के नामी गुंडा बदमाशों को कर्मचारियों की जगह रखा गया है जो कि गांवों में दहशत का माहौल रहता है क्योंकि पैकारी करने वाले अपना जाल गाँव गाँव फैला है प्रशासन को इस जाल को तोडना होगा नही तो पूरा यूवा पीढ़ी बर्बाद कर सकते हैं गाँव के हर चौराहे पर शराबियो द्वारा किसी के जेब से पैसा निकाल लेते हैं गाली गलौज देते रहते हैं जिस पे पुलिस एवं आबकारी विभाग द्वारा अकुंश लगाना न्यायोचित एवं अनिवार्य है।

### संगीत गुप्ता का आकस्मिक निधन



**ब्योहारी।** प्रतिष्ठित व्यापारी श्री रामखेलावन गुप्ता जी के छोटे पुत्र सुजीत कुमार गुप्ता कि धर्मपत्नी श्री मती संगीता गुप्ता वार्ड 14 झण्डा बाजार निवासी का आकस्मिक निधन हो गया। नगर में जब ये खबर लोगों तक पहुंचा व्यापारी संघ व समस्त समाज के एवं राजनीतिक लोग सुजीत कुमार गुप्ता के निवास में लोगों की भीड़ उमड पडी। मंगलवार को सुबह चौधरी तालाब के मुक्ति धाम में अंत्येष्टि की गई।

### जिला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम का प्रभार श्रीमती वर्मा को

**रीवा।** रीवा जिले में वर्तमान में जिला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम का पद रिक्त है। अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी को जिला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने अपर कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी के अवकाश में जाने के कारण जिला विपणन अधिकारी श्रीमती शिखा सिंह वर्मा को जिला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम का प्रभार दिया है। प्रशासकीय कार्य की सुविधा की दृष्टि से यह व्यवस्था की गई है।

### न्यायालयीन प्रकरणों में जवाब-दावा तत्काल दायर करें - कलेक्टर

**रीवा।** 14 मई 2024. विभिन्न विभागों से संबंधित प्रकरण उच्च न्यायालय में लंबित हैं। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने सभी कार्यालय प्रमुखों को न्यायालयों में लंबित प्रकरणों में जवाब-दावा तत्काल दायर करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कहा है कि शासकीय अधिवक्ता से संपर्क करके लंबित प्रकरण के संबंध में विधि के अनुकूल उचित अभिलेखों सहित जवाब-दावा तैयार कराएं। इसकी एक प्रति कलेक्टर कार्यालय को अनिवार्य रूप से उपस्थित करें।

# चोरी के कोयले से ईंटें हो रहीं लाल

## दिन-रात कोयले की चोरी बदस्तूर जारी, नामी-गिरामी भी शामिल

### कॉलरी सुरक्षा दस्ता शून्य, अमला भी खानापूर्ति में मशगूल

एसईसीएल प्रबंधन द्वारा कोयले के दुरुपयोग एवं चोरी पर पाबंदी के आदेश को कॉलरी के सुरक्षा कर्मचारी ही धता बता रहे हैं। बंद हो चुकी पुरानी खुली एवं भूमिगत खदानों से कोयला चोरी का धंधा जोरों परचल रहा है और उसका एक बड़ा हिस्सा अवेध रूप से बन रही ईंटों को पकाने में किया जा रहा है।

**धनपुरी।**





जिसकी जानकारी एसईसीएल के सुरक्षा अमले के साथ ही राजस्व एवं पर्यावरण प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के लोगों को भी है लेकिन कारगर कार्यवाही के अभाव में कोयले के अवैध कारोबारियों और ईंट भट्टा संचालकों के हौंसले बुलंद हैं।जिले के कोयलांचल क्षेत्रांतर्गत पुरानी अमराडंडी के पीछे, धनपुरी कब्रिस्तान के पीछे, गाड़ाघाट, जंगल दफाई, बुढार, खैरहा,सिलपरी,मालीघाट नाला दोनो ओर,मुंडा दफाई वार्ड नम्बर 12, आदि कई क्षेत्रों में इस समय चोरी के कोयले से बहुत बड़े पैमाने पर ईंट बनाने का व्यापार जोरों पर फल-फूल रहा है। थाना क्षेत्र अमलाई, धनपुरी, बुढार , खैरहा क्षेत्रों में सबसे ज्यादा ईट बनाने का व्यवसाय चल रहा है । धनपुरी और अमलाई ओसीएम, दामिनी, खैरहा माइंस आदि कई जगहों में खुली या बंद खदानों से काकोयला निकालकर भारी मात्रा में जगह-जगह ईट भट्टे लगाये गये हैं, कोयला माफियाओं द्वारा कोयला दिया जा रहा है और प्रशासन हाथ पर हाथ धरे बैठा है।बाहर के मजदूरों से ले रहे काम जिससे असमय मजदूर काल के गाल में समा जाते हैं, कुछ समय पहले ही धनपुरी दूरभाष केंद्र समीप मालीघट अबैध रुप मिट्टी हटाकर मसानान्तर माइंस धसक जाने से एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई थी, जिस के परिजन आज तक दर-दर की ठोकर खाते भटक रहे हैं, क्षेत्र के सभी थानों में बाहर से लाए गए मजदूरों की बाकायदा नाम और पता नोट होने चाहिए, जिससे भविष्य में कोई भी घटना घटती है या कोई बड़ी परेशानी होती है तो उनकी मदद की जा सके, लेकिन यहां ऐसा कुछ भी नहीं है।ईंट के धंधे में बने हैं व्यापारीशासन-प्रशासन द्वारा कुम्हार, प्रजापति जातियों के लोगों को ईट बनाने के लिए आदेश पारित कर राहत प्रदान की गई थी, जिससे कुम्हार जाति के लोग घड़ा, ईट या दिये बनाने के साथ ही कुछ अंश तक मिट्टी की खुदाई कर अपन उपयोग के लिए ईंटों का निर्माण कर सकते हैं, लेकिन इन दिनों चोरी के कोयले से ईट बनाने का व्यापार सामान्य जाति या अन्य जाति के लोग कर रहे हैं, जिससे अवैध मिट्टी की खुदाई के साथ-साथ कोयले की चोरी भारी मात्रा में हो रही है। इनके द्वारा सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा करके जेसीबी लगाकर मिट्टी की खुदाई की जाती है जिससे इनके द्वारा सैकड़ों फीट गहरी मिट्टी की चोरी करते हुए वन विभाग के साथ-साथ गौण खनिज अधिनियम को भी तार-तार करते हैं। रेत भी चोरी कीवन विभाग की जमीन के साथ ही निजी भूमि पर बिना परमिशन के ईट बनाने वाले लोग खनिज विभाग के नियमों की धज्जियां तो उड़ा ही रहे हैं। वन भूमि के नालों से रेत की चोरी करके ईट निर्माण में उपयोग किया जा रहा है, खनिज विभाग अगर जांच करें तो, सैकड़ों टन कोयला इन ईंट भट्टो में मिल सकता है। इसके अलावा रेत के ढेर भी ईंट भट्टो में देखे जा सकते हैं। बिना नाम-पता के सैकड़ों की संख्या में बाहरी मजदूर ईंट भट्टो में मिल सकते हैं, श्रम विभाग द्वारा ठेकेदारों पर कार्यवाही न करने के कारण ईंट भट्टा संचालकों के हौसले बुलंद है।सो रहा माईनिंग, पीसीबी अमला सोहागपुर कोयलांचल क्षेत्र ही नहीं पूरे शहडोल जिले में अवैध ईंट भट्टो का जाल फैला हुआ है। अपवादों को छोड़ दें तो किसी भी ईंट निर्माता ने न तो खनिज विभाग से निर्माण की अनुमति ली है और न ही प्रदुषण नियंत्रण बोर्ड से अनापत्ति प्रमाणपत्र प्राप्त किया है, बावजूद इसके संबंधित विभाग के किसी भी अधिकारी कर्मचारी को बरसाती कुकुरमुत्तों की तरह उग आए इन अवैध ईट भट्टो को देखने जांच या कार्यवाही करने की फुर्सत नहीं है जो इस आशंका को आधार देता है कि विभागीय अधिकारी-कर्मचार भी फीलगुड का अहसास कर रहे हैं1

## सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में ग्रीन बेल्स के छात्र-छात्राओं का उत्कृष्ट रहा परीक्षा परिणाम

**बुढार।**

सीबीएसई बोर्ड परीक्षा के परिणाम सोमवार को घोषित हुए जिसमें कक्षा 10वी एवं 12 वी परीक्षा परिणाम मे नगर के ग्रीन बेल्स पब्लिक स्कूल बुढार के छात्रों का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। विद्यालय मे कक्षा 12 वी का परीक्षा परिणाम 96.20 प्रतिशत रहा एवं कक्षा 10 वी का परीक्षा परिणाम 94.11प्रतिशत रहा। विद्यार्थियो द्वारा की गई कड़ी मेहनत एवं शिक्षकों की निष्ठा एवं लगन से छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट परिणाम अर्जित किये है।

### मेधावी छात्रों ने मारी बाजी

कक्षा 12 वी के विट्ठल सिंघानिया 96.4 प्रतिशत, राषि गुप्ता 93 प्रतिशत, सोनल अग्रवाल 90.2 प्रतिशत, हिमानी मिश्रा 89.6 प्रतिशत, हिमांशू बर्मन 88.8 प्रतिशत, कृष्ण कुमार तिवारी 88 प्रतिशत, अरशिया परवीन 87.8 प्रतिशत, अकील खान 86 प्रतिशत, वही कक्षा 10वी मे भूमि पारवानी 92 प्रतिशत, प्रभाकर मिश्रा 90.8 प्रतिशत, कशीक मंगलानी 89.6 प्रतिशत, मो.अशद सैफी 89 प्रतिशत, श्रुती पटेल 88 प्रतिशत, आकृति गुप्ता 88 प्रतिशत, पूजा राजवाड़े 87.2 प्रतिशत, सक्षम त्रिपाठी 86.2 प्रतिशत, अंक अर्जित कर अपने माता पिता, शिक्षकों तथा विद्यालय का नाम रोशन किया विद्यालय परिवार सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए सभी विद्यार्थी ऐसे ही लगन के साथ शिक्षा ग्रहण कर अच्छे अंक प्राप्त करे ऐसी अपेक्षा की है।



### नगर निगम क्षेत्रांतर्गत बढ़ रहे अतिक्रमण पर अधिकारियों की कार्यवाही निरंतर जारी

**रीवा।** निगम आयुक्त संस्कृति जैन के निर्देशानुसार नगर निगम क्षेत्रांतर्गत बढ़ रहे अतिक्रमण पर अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा निरंतर कार्यवाही की जा रही है। दिनांक 14.05.2024 को विश्वविद्यालय रोड़, जनता कॉलेज चौराहा के आगे वार्ड के रहवासी अजय गुप्ता द्वारा रोड़ पटरी पर गिट्टी बालू गिराया गया था, जिसके कारण आवागमन अवरूद्ध हो रहा था। जिसकी शिकायत मिलने पर तत्काल अतिक्रमण प्रभारी श्री ज्ञानेन्द्र द्विवेदी द्वारा कार्यवाही करते हुये रोड़ पटरी से गिट्टी बालू हटवाया गया एवं सम्बंधित पर रू. 2000 की चालानी कार्यवाही करते हुये समझाइस दी गई कि दुबारा पाये जाने पर कड़ी कार्यवाही की जावेगी। साथ ही नगर निगम क्षेत्रांतर्गत एसएफ चौराहा से पीटीएस चौराहा तक सड़क पटरी में किये गये अस्थाई अतिक्रमण को हटाये जाने की कार्यवाही अतिक्रमण प्रभारी द्वारा की गई।

### फाइनल ईयर छात्रों का विदाई समारोह

**हर समस्या के लिए हमेशा साथ खड़ा रहूंगा - सरस्वती पांडे**

**ब्यौहारी।** पंडित रामकिशोर शास्त्री कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय व्यवहारी में मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कोर्स के मास्टर ऑफ सोशल वर्क के फाइनल ईयर छात्रों का विदाई समारोह रविवार को संपन्न हो गया कार्यक्रम को संबोधित करते हुए समाज सेवा का एक व्यापक क्षेत्र है और एमएसडब्ल्यू करने के बाद आपको हर जगह सम्मान की दृष्टि से देखा जाएगा यह आपकी विदाई नहीं बल्की अगुआई हो रही है आपकी विदाई हो गई है और अब परीक्षा आपके सामने मैं आपको शुभकामनाएं देता हूं आप परीक्षा में अच्छे अंक अर्जित करें इस कोर्स को करने के बाद आपके लिए नए रास्ते खुलेंगे। कार्यक्रम को परमार्श दाता सरस्वती पांडे विद्या ने संबोधित करते हुए कहा कि आप यहां से विदा हो रहे हैं लेकिन हमेशा हमारे दिल में रहेंगे और समाज सेवा के क्षेत्र में जहां भी हमारे सहयोग की जरूरत होगी उसे हम पूरा करेंगे आगे भी हम इसी तरह से मिलते रहेंगे एमएसडब्ल्यू प्रथम वर्ष के छात्रों ने अपने अनुभव व्यक्त किया और अपनी गलतियों के लिए अपने पर मार्चदाताओं से क्षमा भी मांगा कार्यक्रम को मेंटर रामेश्वर पाल ,हीरालाल साहू अर्पिता सिंह वैश्य और ज्योति पांडे ने भी संबोधित किया कार्यक्रम की योजना और रोशनी चतुर्वेदी ,मुकुल द्विवेदी, अनिल वर्मा,शान्वी सिंह, अजीत पटेल,अतुल कांत,प्रकाश पाण्डेय द्वारा बहुत ही बेहतरीन ढंग से बनाई गई थी कार्यक्रम में केक काटा गया और सभी छात्रों को एक-एक टास्क दिया गया जिसके तहत मिमिक्री एवं नल का कार्य विदा हो रहे छात्रों को करना पड़ा सभी ने खूब तालियां बजाई कार्यक्रम में सूर्यपाल सिंह विजय भुर्तिया , और एजुकेट गर्ल के समन्वयक ने भी अपने अनुभव साझा किया कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सौरभ पांडे, राहुल जायसवाल, शिल्पी मिश्रा ,लक्ष्मी पांडे अंकिता तिवारी, प्रियंवदा द्विवेदी ,ज्योति द्विवेदी मीनाक्षी गुप्ता सहित सभी छात्र-छात्राओं ने विदाई समारोह मे भाग लिया ।

## अग्रवाल नवयुवक मंडल रीवा के अध्यक्ष पद का चुनाव संपन्न

### अजय अग्रवाल निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए

**रीवा**

14 मई 2024 अग्रवाल नवयुवक मंडल के तत्वाधान में अध्यक्ष पद हेतु द्विवार्षिक चुनाव अग्रवाल समाज भवन में दिनाँक 13/5/24 को दिन सोमवार को शाम 6 बजे से आरंभ हुए।जिसमें मुख्य निर्वाचन अधिकारी सेवानिवृत्त जज डॉ. विजय अग्रवाल और सह-निर्वाचन अधिकारी इंजी. विष्णु अग्रवाल रहे।कार्यक्रम की अध्यक्षता एड.सुनील अग्रवाल ने की।विशेष आमंत्रित सदस्य में अग्रवाल समाज के पूर्व अध्यक्ष क्रमशः श्री अशोक अग्रवाल, गणेश प्रसाद अग्रवाल, जवाहर लाल अग्रवाल तथा नवयुवक मंडल के पूर्व अध्यक्ष क्रमशः जयकांत अग्रवाल, एड. हरीश अग्रवाल, दिलीप अग्रवाल एवं वरिष्ठ समाजसेवी आर.के. रूंगटा मंचासीन रहे।
कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा कुलदेवी माता महालक्ष्मी एवं श्री श्री 1008 अग्रसेन जी की प्रतिमा में माल्यार्पण, दीप प्रज्वलन, आरती, पूजन के साथ हुई। मंचासीन अतिथियों का स्वागत नवयुवक मंडल के अध्यक्ष सौरभ अग्रवाल सनी द्वारा पुष्प गुच्छ देकर किया गया।तत्पश्चात निर्वाचन अधिकारियों द्वारा निर्धारित चुनाव प्रक्रिया का संचालन प्रारंभ किया गया और अध्यक्ष पद हेतु अभ्यर्थियों के नाम लिए गए।जिसमें केवल एक अभ्यर्थी अजय अग्रवाल पिता शंकर प्रसाद अग्रवाल ने अपना नामांकन-पत्र दाखिल किया।और निर्वाचन अधिकारियों ने अजय अग्रवाल को निर्विरोध मंडल के द्विवार्षिक अध्यक्ष के रूप में घोषित किया।इस अवसर पर मुख्य निर्वाचन अधिकारी एवं अग्रवाल समाज के अध्यक्ष द्वारा संयुक्त रूप से अपने उद्बोधन में कहा गया कि किसी भी समाज की स्वस्थ परंपरा के लिए यह जरूरी की वहाँ प्रतिद्वन्द्विता न हो सब मिलजुलकर कार्य करें और समाज को आगे बढ़ाने का कार्य करें।तब ही समाज के साथ-साथ राज्य का भी विकास होता है। कार्यक्रम में मंच का सफ़ल रूप से संचालन एड.मनोज अग्रवाल ने किया।कार्यक्रम में मुख्य रूप से अग्रवाल समाज के उपाध्यक्ष अरुण अग्रवाल, मंत्री एड.नूतन अग्रवाल, कोषाध्यक्ष कैलाशचंद्र अग्रवाल, एड.संतोष अग्रवाल, रूपेश अग्रवाल, सिद्धार्थ अग्रवाल, संतोष कुमार अग्रवाल, सागर अग्रवाल, सुरेश कुमार अग्रवाल पप्पू, महेश अग्रवाल, राकेश अग्रवाल, सत्यनारायण अग्रवाल, नम्रता अग्रवाल, पंकज अग्रवाल, बसंत अग्रवाल, अतुल अग्रवाल, आशुतोष अग्रवाल 'रामू',कान्हा अग्रवाल,मुकेश अग्रवाल,गौरव अग्रवाल,मोहित अग्रवाल,आकाश अग्रवाल,सुमित अग्रवाल सोमू, अर्पित अग्रवाल, उदित अग्रवाल आदि अग्रबन्धुओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाईयाँ दी और नए अध्यक्ष के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## नगर परिषद के द्वारा बैगान टोला में लगाया गया सबमर्सिबल पंप

**अमलाई।**

नगर परिषद बरगवां अमलाई अंतर्गत वार्ड क्रमांक 1 के बैगान टोला के लोग पिछले कई वर्षो से पेयजल की समस्या से जूझ रहे थे और उनके द्वारा लगातार कई वर्षो से कुओं के पानी पर ही आश्रित रहना पड़ता था, लेकिन अब उनके वार्ड में बोरिंग एवं समर्शियल पंप की स्थापना हो जाने से उन्हें अब पेयजल की समस्या से निजात मिल गया है। बैगान टोला में बैगा परिवारों के लोग निवास करते हैं। इस गांव के लोग आज भी अनेको समस्याओं से जूझ रहे हैं। इस गांव की सबसे महत्वपूर्ण समस्या पेयजल की थी, जिससे निजात दिलाने के लिए नगर परिषद के द्वारा पंप की स्थापना एवं पाइपलाइन की व्यवस्था गई है। पूर्व में पीएचई विभाग के द्वारा इस गांव में एक हैंडपंप की स्थापना की गई थी, लेकिन सभी को शुद्ध पेयजल नहीं मिल पा रहा था और अब सबमर्सिबल मोटर और पाइपलाइन की व्यवस्था हो जाने के कारण घर-घर शुद्ध पेयजल मिल सकेगा। वार्ड की पार्षद श्रीमती हरछठीया बैगा एवं निवासरत बैगा परिवार एवं वार्ड वासियों ने नगर परिषद की अध्यक्ष श्रीमती गीता गुप्ता को धन्यवाद ज्ञापित किया गया है।

# गेहूं उपार्जन की राजस्व अधिकारी कर रहे हैं सतत निगरानी

जिले भर में निर्धारित खरीदी केन्द्रों में सहकारी समितियों द्वारा पंजीकृत किसानों से समर्थन मूल्य पर गेहू का उपार्जन किया जा रहा है। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल द्वारा उपार्जन की निगरानी के लिए जिला स्तरीय अधिकारी तथा राजस्व अधिकारी तैनात किए गए है।

**रीवा !**





राजस्व अधिकारियों द्वारा लगातार खरीदी केन्द्रों का निरीक्षण करके उपार्जन की सतत निगरानी की जा रही है। एसडीएम गुढ़ अनुराग तिवारी ने भैरवबाबा खरीदी केन्द्र गुढ़ का निरीक्षण किया। उन्होंने उपार्जित गेंहू का तत्काल परिवहन कराने के निर्देश दिए। तहसीलदार मनगवां राजीव शुक्ला ने सेवा सहकारी समिति मनगवां अन्तर्गत विपांक्षी वेयरहाउस का निरीक्षण किया। नायब तहसीलदार विन्ध्या त्रिपाठी ने खैरा खरीदी केन्द्र का निरीक्षण किया। उन्होंने किसानों से उपार्जन के संबंध में जानकारी ली तथा समय पर गेहू की तौल कराने के निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि उपार्जन की अंतिम तिथि 20 मई निर्धारित की गई है।

### अब तक समर्थन मूल्य पर हुई 792209 क्विंटल गेंहू की खरीद

जिले में निर्धारित खरीदी केन्द्रों में एक अप्रैल से सहकारी समितियों द्वारा समर्थन मूल्य पर गेंहू की खरीद की जा रही है। जिले में 14 मई तक 16551 किसानों से 792209 क्विंटल गेंहू की खरीद अब तक की गयी है। इसके लिए किसानों को 190 करोड़ 13 लाख 3 हजार की राशि मंजूर की गयी है। इस संबंध में प्रभारी जिला आपूर्ति नियंत्रक ने बताया कि उपार्जित गेंहू का सुरक्षित भण्डारण कराया जा रहा है। अब तक खरीदे गये गेंहू में से 672376 क्विंटल गेंहू का परिवहन किया जा चुका है। अब तक किसानों के बैंक खाते में 101 करोड़ 23 लाख 89 हजार 300 रूपये की राशि का भुगतान किया जा चुका है। गेंहू खरीदी के लिए अब तक 22690 किसानों ने स्लॉट बुक किये हैं। गेंहू खरीद की अंतिम तिथि 20 मई है।

### कृषि उत्पादन आयुक्त 16 मई को करेंगे खरीफ फसल तैयारी की समीक्षा

खरीफ फसल तैयारी की संभागीय समीक्षा बैठक 16 मई को कलेक्ट्रेट सभागार रीवा में आयोजित की जा रही है। बैठक में कृषि उत्पादन आयुक्त खरीफ फसल तैयारी की जिलेवार समीक्षा करेंगे। बैठक में रबी फसल कार्यक्रम की प्रगति, कृषि की प्रगति के लिए कार्ययोजना निर्माण तथा कृषि विविधीकरण के प्रयासों की समीक्षा की जाएगी। बैठक में सुबह 10 बजे से दोपहर एक बजे तक कृषि विभाग तथा सहकारिता विभाग की योजनाओं की समीक्षा की जाएगी। बैठक में भोजन अवकाश के बाद शाम 6 बजे तक उद्यानिकी, खाद्य प्रसंस्करण, पशुपालन, डेयरी विकास, मछली पालन विभाग तथा अन्य संबंधित विभागों की समीक्षा की जाएगी। सभी संबंधित अधिकारियों को निर्धारित समय में बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

# गेहूं उपार्जन की राजस्व अधिकारी कर रहे हैं सतत निगरानी

**जिले भर में निर्धारित खरीदी केन्द्रों में सहकारी समितियों द्वारा पंजीकृत किसानों से समर्थन मूल्य पर गेहू का उपार्जन किया जा रहा है। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल द्वारा उपार्जन की निगरानी के लिए जिला स्तरीय अधिकारी तथा राजस्व अधिकारी तैनात किए गए है।**

रीवा !





राजस्व अधिकारियों द्वारा लगातार खरीदी केन्द्रों का निरीक्षण करके उपार्जन की सतत निगरानी की जा रही है। एसडीएम गुढ़ अनुराग तिवारी ने भैरवबाबा खरीदी केन्द्र गुढ़ का निरीक्षण किया। उन्होंने उपार्जित गेंहू का तत्काल परिवहन कराने के निर्देश दिए। तहसीलदार मनगवां राजीव शुक्ला ने सेवा सहकारी समिति मनगवां अन्तर्गत विपांक्षी वेयरहाउस का निरीक्षण किया। नायब तहसीलदार विन्ध्या त्रिपाठी ने खैरा खरीदी केन्द्र का निरीक्षण किया। उन्होंने किसानों से उपार्जन के संबंध में जानकारी ली तथा समय पर गेहू की तौल कराने के निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि उपार्जन की अंतिम तिथि 20 मई निर्धारित की गई है।

### अब तक समर्थन मूल्य पर हुई 792209 क्विंटल गेंहू की खरीद

जिले में निर्धारित खरीदी केन्द्रों में एक अप्रैल से सहकारी समितियों द्वारा समर्थन मूल्य पर गेंहू की खरीद की जा रही है। जिले में 14 मई तक 16551 किसानों से 792209 क्विंटल गेंहू की खरीद अब तक की गयी है। इसके लिए किसानों को 190 करोड़ 13 लाख 3 हजार की राशि मंजूर की गयी है। इस संबंध में प्रभारी जिला आपूर्ति नियंत्रक ने बताया कि उपार्जित गेंहू का सुरक्षित भण्डारण कराया जा रहा है। अब तक खरीदे गये गेंहू में से 672376 क्विंटल गेंहू का परिवहन किया जा चुका है। अब तक किसानों के बैंक खाते में 101 करोड़ 23 लाख 89 हजार 300 रूपये की राशि का भुगतान किया जा चुका है। गेंहू खरीदी के लिए अब तक 22690 किसानों ने स्लॉट बुक किये हैं। गेंहू खरीद की अंतिम तिथि 20 मई है।

### कृषि उत्पादन आयुक्त 16 मई को करेंगे खरीफ फसल तैयारी की समीक्षा

खरीफ फसल तैयारी की संभागीय समीक्षा बैठक 16 मई को कलेक्ट्रेट सभागार रीवा में आयोजित की जा रही है। बैठक में कृषि उत्पादन आयुक्त खरीफ फसल तैयारी की जिलेवार समीक्षा करेंगे। बैठक में रबी फसल कार्यक्रम की प्रगति, कृषि की प्रगति के लिए कार्ययोजना निर्माण तथा कृषि विविधीकरण के प्रयासों की समीक्षा की जाएगी। बैठक में सुबह 10 बजे से दोपहर एक बजे तक कृषि विभाग तथा सहकारिता विभाग की योजनाओं की समीक्षा की जाएगी। बैठक में भोजन अवकाश के बाद शाम 6 बजे तक उद्यानिकी, खाद्य प्रसंस्करण, पशुपालन, डेयरी विकास, मछली पालन विभाग तथा अन्य संबंधित विभागों की समीक्षा की जाएगी। सभी संबंधित अधिकारियों को निर्धारित समय में बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

## खबर संक्षेप

### न्यायालयीन प्रकरणों में जवाब-दावा तत्काल दायर करें - कलेक्टर

**रीवा।** 14 मई 2024. विभिन्न विभागों से संबंधित प्रकरण उच्च न्यायालय में लंबित हैं। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने सभी कार्यालय प्रमुखों को न्यायालयों में लंबित प्रकरणों में जवाब-दावा तत्काल दायर करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कहा है कि शासकीय अधिवक्ता से संपर्क करके लंबित प्रकरण के संबंध में विधि के अनुकूल उचित अभिलेखों सहित जवाब-दावा तैयार कराएं। इसकी एक प्रति कलेक्टर कार्यालय को अनिवार्य रूप से उपस्थित करें। प्रत्येक न्यायालयीन प्रकरण के लिए ओआईसी की नियुक्ति भी अनिवार्य रूप से कराएं। जिन प्रकरणों में न्यायालय द्वारा आदेश पारित कर दिए गए हैं उन आदेशों का तय समय सीमा में पालन सुनिश्चित करें। इसका प्रतिवेदन भी न्यायालय को अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करें। सभी एसडीएम, तहसीलदार तथा जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी लंबित प्रकरणों पर कार्यवाही सुनिश्चित करें। समय सीमा में जवाब-दावा प्रस्तुत न करने वाले प्रभारी अधिकारियों के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

### जिला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम का प्रभार श्रीमती वर्मा को

**रीवा।** रीवा जिले में वर्तमान में जिला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम का पद रिक्त है। अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी को जिला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने अपर कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी के अवकाश में जाने के कारण जिला विपणन अधिकारी श्रीमती शिखा सिंह वर्मा को जिला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम का प्रभार दिया है। प्रशासकीय कार्य की सुविधा की दृष्टि से यह व्यवस्था की गई है।

### मतगणना इंजीनियरिंग कालेज में होगी

**रीवा।** रीवा संसदीय क्षेत्र क्रमांक 10 के लोकसभा साधारण निर्वाचन 2024 के लिए मतगणना शासकीय इंजीनियरिंग कालेज रीवा में 4 जून को होगी। रिटर्निंग आफीसर श्रीमती प्रतिभा पाल ने अभ्यर्थियों एवं उनके निर्वाचन अभिकर्ताओं को सूचित किया है कि मतगणना प्रातः 8 बजे से प्रारंभ की जायेगी।

### अवैध कब्जा हटाने की मांग, कल चकाजाम आंदोलन की चेतावनी

**कटनी।** कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचे ग्राम कन्हवारा के ग्रामीणों ने कलेक्टर के नाम दी गई लिखित शिकायत में अवैध कब्जा हटाने की मांग की है। ग्रामीणों ने बताया कि कन्हवारा मेला मैदान और सरकारी अस्पताल की भूमि पर भू माफिया की नजर है। अतिक्रमणकारियों ने गौरी शंकर मंदिर पहुंच मार्ग को भी बाधित कर दिया है। कलेक्टर को दी गई शिकायत में ग्रामीणों ने कहा कि यदि दो दिनों के अंदर अवैध कब्जा खाली नहीं कराया जाता तो विरोध स्वरूप 15 मई को 11 बजे सुबह मेला मैदान के सामने रोड पर चक्का जाम आंदोलन किया जाएगा। स्थानीय लोगों ने बताया कि उक्त मेला मैदान की जमीन को गांव के ही नामदेव परिवार के पूर्वजों ने अस्पताल बनवाने के लिए भूमि दान में दी थी, पर अब उनके वंशजों द्वारा राजस्व विभाग से मिलीभगत कर के उक्त जमीन के कागजातों में उलटफेर करते हुए अपने नाम दर्ज करवा कर दान दी गई जमीन पर फिर से कब्जा किया जा रहा है। शिकायत लेकर कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचे ग्रामीणों ने अवैध कब्जा हटाने की मांग की है।

### गेहूं उपार्जन की तिथि अब 20 मई तक

**कटनी।** राज्य शासन के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा कृषकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए रबी विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर गेंहूँ उपार्जन हेतु किसान पंजीयन की अवधि बढ़ाकर अब 20 मई 2024 कर दी गई है, जिला आपूर्ति अधिकारी सज्जन सिंह परिहार ने बताया कि किसान पंजीयन की सुविधा एवं गेहूँ उत्पादक किसानों को समर्थन मूल्य पर गेहूं विक्रय का अवसर प्रदान करने को दृष्टिगत रखते हुए किसान पंजीयन की अवधि 20 मई तक बढ़ाई गई है।

# अग्रवाल नवयुवक मंडल रीवा के अध्यक्ष पद का चुनाव संपन्न




### अजय अग्रवाल निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए

रीवा

14 मई 2024 अग्रवाल नवयुवक मंडल के तत्वाधान में अध्यक्ष पद हेतु द्विवार्षिक चुनाव अग्रवाल समाज भवन में दिनाँक 13/5/24 को दिन सोमवार को शाम 6 बजे से आरंभ हुए।जिसमें मुख्य निर्वाचन अधिकारी सेवानिवृत्त जज डॉ. विजय अग्रवाल और सह-निर्वाचन अधिकारी इंजी. विष्णु अग्रवाल रहे।कार्यक्रम की अध्यक्षता एड.सुनील अग्रवाल ने की।विशेष आमंत्रित सदस्य में अग्रवाल समाज के पूर्व अध्यक्ष क्रमशः श्री अशोक अग्रवाल, गणेश प्रसाद अग्रवाल, जवाहर लाल अग्रवाल तथा नवयुवक मंडल के पूर्व अध्यक्ष क्रमशः जयकांत अग्रवाल, एड. हरीश अग्रवाल, दिलीप अग्रवाल एवं वरिष्ठ समाजसेवी आर.के. रूंगटा मंचासीन रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा कुलदेवी माता महालक्ष्मी एवं श्री श्री 1008 अग्रसेन जी की प्रतिमा में माल्यार्पण, दीप प्रज्वलन, आरती, पूजन के साथ हुई। मंचासीन अतिथियों का स्वागत नवयुवक मंडल के अध्यक्ष सौरभ अग्रवाल सनी द्वारा पुष्प गुच्छ देकर किया गया।तत्पश्चात निर्वाचन अधिकारियों द्वारा निर्धारित चुनाव प्रक्रिया का संचालन प्रारंभ किया गया और अध्यक्ष पद हेतु अभ्यर्थियों के नाम लिए गए।जिसमें केवल एक अभ्यर्थी अजय अग्रवाल पिता शंकर प्रसाद अग्रवाल ने अपना नामांकन-पत्र दाखिल किया।और निर्वाचन अधिकारियों ने अजय अग्रवाल को निर्विरोध मंडल के द्विवार्षिक अध्यक्ष के रूप में घोषित किया।इस अवसर पर मुख्य निर्वाचन अधिकारी एवं अग्रवाल समाज के अध्यक्ष द्वारा संयुक्त रूप से अपने उद्बोधन में कहा गया कि किसी भी समाज की स्वस्थ परंपरा के लिए यह जरूरी की वहाँ प्रतिद्वन्द्विता न हो सब मिलजुलकर कार्य करें और समाज को आगे बढ़ाने का कार्य करें।तब ही समाज के साथ-साथ राज्य का भी विकास होता है। कार्यक्रम में मंच का सफ़ल रूप से संचालन एड.मनोज अग्रवाल ने किया।कार्यक्रम में मुख्य रूप से अग्रवाल समाज के उपाध्यक्ष अरुण अग्रवाल, मंत्री एड.नूतन अग्रवाल, कोषाध्यक्ष कैलाशचंद्र अग्रवाल, एड.संतोष अग्रवाल, रूपेश अग्रवाल, सिद्धार्थ अग्रवाल, संतोष कुमार अग्रवाल, सागर अग्रवाल, सुरेश कुमार अग्रवाल पप्पू, महेश अग्रवाल, राकेश अग्रवाल, सत्यनारायण अग्रवाल, नम्रता अग्रवाल, पंकज अग्रवाल, बसंत अग्रवाल, अतुल अग्रवाल, आशुतोष अग्रवाल 'रामू',कान्हा अग्रवाल,मुकेश अग्रवाल,गौरव अग्रवाल,मोहित अग्रवाल,आकाश अग्रवाल,सुमित अग्रवाल सोमू, अर्पित अग्रवाल, उदित अग्रवाल आदि अग्रबन्धुओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाईयाँ दी और नए अध्यक्ष के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# नगर निगम क्षेत्रांतर्गत बढ़ रहे अतिक्रमण पर अधिकारियों की कार्यवाही निरंतर जारी

रीवा।



निगम आयुक्त संस्कृति जैन के निर्देशानुसार नगर निगम क्षेत्रांतर्गत बढ़ रहे अतिक्रमण पर अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा निरंतर कार्यवाही की जा रही है। दिनांक 14.05.2024 को विश्वविद्यालय रोड़, जनता कॉलेज चौराहा के आगे वार्ड के रहवासी अजय गुप्ता द्वारा रोड़ पटरी पर गिट्टी बालू गिराया गया था, जिसके कारण आवागमन अवरूद्ध हो रहा था। जिसकी शिकायत मिलने पर तत्काल अतिक्रमण प्रभारी श्री ज्ञानेन्द्र द्विवेदी द्वारा कार्यवाही करते हुये रोड़ पटरी से गिट्टी बालू हटवाया गया एवं सम्बंधित पर रू. 2000 की चालानी कार्यवाही करते हुये समझाइस दी गई कि दुबारा पाये जाने पर कड़ी कार्यवाही की जावेगी। साथ ही नगर निगम क्षेत्रांतर्गत एसएफ चौराहा से पीटीएस चौराहा तक सड़क पटरी में किये गये अस्थाई अतिक्रमण को हटाये जाने की कार्यवाही अतिक्रमण प्रभारी द्वारा की गई। उक्त कार्यवाही में अतिक्रमण प्रभारी के साथ उड़नदस्ता दल मौजूद रहा।

# बाइक सवार युवकों को वाहन ने मारी टक्कर, एक की मौत

**कुठला थाना के लमतरा ओवर ब्रिज समीप हादसा**

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



बाइक सवार दो युवकों को अज्ञात वाहन ने सीधी टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार एक युवक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को इलाज के लिए शासकीय जिला अस्पताल भिजवाया गया है। हादसा कुठला थाना क्षेत्र के लमतरा ओवर ब्रिज के समीप हुआ।

पुलिस से मिली जानकारी अनुसार कुठला थाना क्षेत्र अंतर्गत पुरैनी निवासी 18 वर्षीय करण पिता प्रीतम कोल अपने साथी पड़ोसी राजन कोल के साथ सुरकी अपनी नानी के घर गया था। रात लगभग साढ़े आठ बजे जब वे दोनो नानी के घर से गेहूं लेकर लौट रहे थे इसी दौरान अज्ञात बलकर ने उन्हें लामतरा ओवर ब्रिज के समीप धर्मकांटा के सामने सीधी टक्कर मार दी। हादसे में करण की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि राजन गंभीर रूप से घायल हो गया। प्रत्यक्ष दर्शनों ने बताया कि टक्कर इतनी भीषण थी कि करण के की चिथड़े उड़ गए। घायल राजन को भी गंभीर चोटें आई हैं उसे इलाज के लिए शासकीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज करते हुए अग्रिम कार्यवाही प्रारंभ कर दी है।

# पैपखार में श्री सीताराम महायज्ञ एवं देवी भागवत महाकथा निरंतर जारी

मऊगंज।





शहर से सात किलोमीटर उत्तर गांव पैपखार/बरांव मध्य,नहर के पास स्थित मडफा महारानी परिसर में मानव व सभी प्राणियों के कल्याण हेतु 10मई से श्री सीताराम महायज्ञ एवं देवी भागवत महाकथा चल रही है 18मई को यज्ञ पूर्णाहुति व 19मई को भण्डारा व प्रसाद वितरण होना सुनिश्चित है जन कल्याण के लिए आयोजित इस आध्यात्मिक कार्यक्रम के कथा व्यास पं सुनील शास्त्री अयोध्या हैं। व यज्ञाचार्य पं बृजेश पांडेय सिंगरोली है। कथा दोपहर 4 बजे से शाम सात बजे तक चल रही है। कार्यक्रम का आयोजन आसपास के गांवों के भक्त गण व समाज सेवी गणो द्वारा किया गया है।जिनमें समाजसेवी मुन्ना ओमप्रकाश तिवारी पैपखार,शिवशंकर मिश्र बरहटा,उमाशंकर पांडे बरांव, शिवराज सिंह बिछरहटा, विद्याधर मिश्र, रामायण प्रसाद, राममुनि तिवारी, शिवप्रसाद शुक्ल जमुहार, राजू जायसवाल, बृजकिशोर तिवारी, राजेन्द्र गौतम बधैया, मकसूदन मिश्र करह, रवींद्र नाथ पांडेय, महेश्वरी गौतम बधैया, अरुण कुशवाहा, केदार शुक्ल दादर, हरिवंश तिवारी, पप्पू तिवारी पैपखार, नरसिंह तिवारी पैपखार, संतोष दुबे, अरुण बडगइयॉ डखरा, सुरेश तिवारी, रामनारायण जायसवाल,अन्य समाजसेवी गणो व भक्तों ने सर्व जन हिताय व सर्व जन सुखाय के भाव से आयोजित उक्त आध्यात्मिक कार्यक्रम श्री सीताराम महायज्ञ एवं देवी भागवत महाकथा मे पहुंचने व सत्संग व आध्यात्मिक समारोह में उक्त उल्लेखित कार्यक्रम में शामिल होने की विनम्र विनती की है। द्वारा सामाजिक कार्यकर्ता शिव शंकर मिश्र बरहटा।

**18 प्रतिष्ठानों को 7 दिनों के अंदर कार्यवाहियां पूर्ण करने स्मरण पत्र जारी**

# अवैध रूप से होटल का संचालन करने पर 25 प्रतिष्ठानों को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

मप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से जल व वायु अधिनियम के अंतर्गत सम्मति प्राप्त नहीं करने तथा अवैध रूप से होटल, रेस्टोरेंट एवं मैरिज गार्डन संचालन करने के संबंध मे मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा 25 प्रतिष्ठानों को नोटिस जारी किया गया था। जिनमें से 6 प्रतिष्ठानों द्वारा जल, वायु सम्मति प्राप्त करने हेतु आवेदन किया जा चुका है।

क्षेत्रीय अधिकारी मप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने बताया कि 25 प्रतिष्ठानों को जारी किये गए नोटिस में विजयराघवगढ़ के रामाश्रय मैरिज गार्डन के संचालक द्वारा मैरिज गार्डन बंद कर दिये जानें की सूचना के बाद शेष 18 प्रतिष्ठानों को पुनः साथ ही 7 दिवस के अंदर सभी कार्यवाहियां पूर्ण न होने की स्थिति में कार्यवाही करने की चेतावनी दी गई है।

क्षेत्रीय अधिकारी मप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड पुष्पेन्द्र सिंह द्वारा जारी कारण बताओ नोटिस में उल्लेखित किया है कि पूर्व में इन दोनों प्रतिष्ठानों में होटल व रेस्टोरेंट के संचालन हेतु मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से सम्मति व लाइसेंस प्राप्त करने के बाद ही होटल रेस्टोरेंट इकाई का संचालन करने के लिए कहा गया था। इन सभी संस्थानों को एन.जी.टी के निर्देशों के अनुरूप मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से जल व वायु अधिनियम के अंतर्गत सम्मति प्राप्त करना अनिवार्य था। लेकिन समय- समय पर पत्र द्वारा दिये गए निर्देशों की अवहेलना करने की वजह से अंतिम बार निर्देशित किया जा रहा है कि मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से सम्मति व लाइसेंस प्राप्त कर ही होटल व रेस्टोरेंट का संचालन करें।साथ ही जल एवं वायु प्रदूषण नियंत्रण हेतु प्रदूषण रोधी संयंत्र भी लगाना जरूरी है।

### 25 प्रतिष्ठानों को जारी हुआ था नोटिस

मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा जिन 25 प्रतिष्ठानों को नोटिस जारी किया गया है उनमें बाम्बे होटल माधव नगर कटनी मेसर्स गोलू रेस्टोरेंट शांति नगर माधव नगर गेट के सामने, उर्वशी रेस्टोरेंट विश्राम बाबा रोड कटनी चौरसिया मैरिज गार्डन रामकृष्ण परमहंस वार्ड, विरासत मैरिज गार्डन आचार्य विनोवा भावे वार्ड, मंगलम मैरिज गार्डन आचार्य विनोबा भावे वार्ड, मुहूर्त मैरिज गार्डन जालपा देवी वार्ड, चौरसिया मैरिज गार्डन इंदिरा गांधी वार्ड, गुलमोहर मैरिज गार्डन राम मनोहर लोहिया वार्ड, जलसा मैरिज गार्डन, खरे मैरिज गार्डन, मधुर मिलन मैरिज गार्डन, बाल गंगाधर तिलक वार्ड, राज पैलेस होटल, रेस्टोरेंट मण्डी रोड, पंजाबी मंडल धर्मशाला आचार्य कृपलानी वार्ड, सिंधु भवन धर्मशाला बाबा नारायण शाह वार्ड, संत बाबा आत्माराम धर्मशाला हेमू कालाणी वार्ड तथा दिव्यांचल मैरिज गार्डन महाराणा प्रताप वार्ड शामिल है।

इसके अतिरिक्त मुख्य न गर पालिका अधिकारी कैमोर, विजयराघवगढ़, बरही एवं एसडीएम बाहरीबंद द्वारा मैरिज गार्डनों की प्राप्त सूची अनुसार अनाधिकृत रूप से संचालित रामाश्रय मैरिज गार्डन विजयराघवगढ़, गोपाल पैलेस विजयराघवगढ़, शिवाय मैरिज गार्डन विजयराघवगढ़ रोड बरही, ताम्रकार मैरिज गार्डन वार्ड क्रमांक 9 बरही, गौरंग मैरिज गार्डन आमरपुर रोड बरही, आलीशान मैरज गार्डन वार्ड क्रमांक 8 बरही, आद्यया मंडपम

# 40 हजार नकदी सहित लाखों के जेवरात चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

माधवनगर थाना की निवार चौकी के ग्राम खजरी में सूने घर का फायदा उठाकर चोरों ने नकदी सहित जेवरात चोरी कर लिये। चोरों ने वारदात को उस समय अंजाम दिया जब परिवार के लोग गांव में चल रही भागवत कथा में शामिल होने गए थे। चोरों ने घर का ताला तोड़कर 40 हजार नगदी सहित लाखों रुपए के जेवरात पार कर दिए। भागवत कथा सुनने के बाद जब परिवार घर वापस लौटा तो घर का ताला टूटा देख सभी के होश उड़ गए। पुलिस ने पीड़ित परिजनों की शिकायत के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ प्रकरण पंजीबद्ध करते हुए जांच कार्यवाही शुरू कर दी है।

निवार चौकी प्रभारी दुर्गेश तिवारी ने बताया कि 12 मई को ग्राम खजरी निवासी 52 वर्षीय जगदीश प्रसाद उरमालिया पिता राजेंद्र प्रसाद उर्मालिया गांव के पास ही चल रही भागवत कथा सुनने के लिए परिवार सहित गए हुए थे। सुना घर पाकर अज्ञात चोरों ने घर का ताला तोड़कर घर के अंदर अलमारी में रखे 40 हजार नगद और लाखों रुपए के सोने चांदी के जेवरात पार कर दिए। घर में चोरी होने की जानकारी परिवार जनों को तब लगी जब वह भागवत कथा सुनकर घर वापस लौटे।